Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to re-start the secondary care treatment referral facility in ESI Hospital and establish 250 beds in Jamshedpur.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम अपने क्षेत्र का अति महत्वपूर्ण विषय सदन में रखना चाहता हूं । ईएसआईसी अस्पताल के द्वारा निजी अस्पतालों में सेकेंड्री केयर ट्रीटमेंट के लिए रेफरल की सुविधा पुन: बहाल करने से संबंधित पत्रांक-16/12/01/2018/एजेंडा/ रिपोर्टिंग आइटम मेड.II, दिनांक 27.01.2020 के माध्यम से देश के सभी ईएसआईसी अस्पतालों द्वारा निजी अस्पतालों में सेकेंड्री केयर ट्रीटमेंट के लिए रेफरल की सुविधा समाप्त कर दी गई । इस संबंध में मुझे कहना है कि झारखंड राज्य के आदित्यपुर स्थित ईएसआईसी अस्पताल पर लगभग दो लाख आई.पी. निबंधित है, जिस पर लगभग 10 लाख लाभुक निर्भर हैं । यहां पर मात्र 50 बेड वाला अस्पताल उपलब्ध है तथा इसमें उपस्थित डॉक्टर एवं नर्सों की संख्या भी अत्यंत नगण्य है । ईएसआईसी मानक के अनुसार दो लाख आई.पी. धारकों के लिए तीन सौ बेड वाले अस्पताल की आवश्यकता है । मुझे यह भी सूचित करना है कि राज्य सरकार एवं निजी क्षेत्र के अस्पताल भी पर्याप्त नहीं हैं । यह अस्पताल एक आदिवासी एवं मजदूर बहुल क्षेत्र में स्थित है ।

अत: आदित्यपुर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में सेकेंड्री केयर ट्रीटमेंट के लिए रेफरल की सुविधा पुन: बहाल की जाए । साथ ही साथ वहां 250 बेड वाले अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी.जोशी को श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।